आक्रोशित ग्रामीणों का थाने पर प्रदर्शन

बैरिया थाना के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते ग्रामीण

बैरिया। क्षेत्र के हेमन्तपुर गांव के दक्षिण डेरा पर खाना खाकर सो रहे अधेड़ की हत्या के एक सप्ताह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। मंगलवार को ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाने पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। तत्पश्चात एसएचओ धर्मवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि 28 सितम्बर की रात में हत्यारों ने हरेराम राम का हाथ-पैर बांधकर गला रेत कर निर्मम हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक के किनारे फेंक दिया गया था। 29 सितम्बर की सुबह शौच के लिए रेलवे ट्रेक के किनारे गयी महिलाओं ने शव को देख हो-हल्ला मचाई थी। मृतक के परिजनों ने एक किशोरी को भगाने की घटना को इससे जोड़ते हुए गांव के ही गोड़ परिवार के आधा दर्जन लोगों पर नामजद हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मामले की छानबीन के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है, किंतु आरोपियों के घर छोड़कर भाग जाने के कारण उनकी गिरफ्तारी नही हो पा रही है। इससे नाराज ग्रामीणों ने बैरिया थाने पर धरना प्रदर्शन किया तथा एसएचओ को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एसएचओ ने आरोपियों को तीन-चार दिनों में गिरफ्तार करने का भरोसा दिया है। चेताया कि अगर गिरफ्तारी नही हुई तो एसपी आफिस का घेराव किया जायेगा। इस अवसर पर सुरेन्द्र प्रसाद, गौरव, अजय भारती, सुनील राम, भगमनी देवी, राजवंती देवी, मीना देवी, लगनी देवी, रमावती देवी, बबिता देवी, सुमेश्वर कुमार आदि मौजूद रहे।

> हेमन्तपुर निवासी हरेराम राम की हत्या के मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी पुलिस के रडार पर है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। न्यायालय से कुर्की की अनुमति के लिए भी प्रार्थना पत्र दिया गया है। शीघ्र सभी आरोपी गिरफ्तार होंगे। ग्रामीणों को मैंने भरोसा दिया है। उस पर हर हाल में अमल होगा।
>
> धर्मवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक बैरिया

हिंदी-अंग्रेजी के साथ सभी भाषाओं में पारंगत होंगे छात्र

बलिया। शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिये शासन की ओर से विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता है। विद्यार्थियों का सामान्य ज्ञान व भाषा ज्ञान बढ़ाने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग विशेष कार्यक्रम संचालित करेगा। भाषा संगम कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मातृ भाषा के साथ दूसरी भाषाओं का भी प्रारंभिक ज्ञान दिया जाएगा। विद्यार्थियों को दूसरी भाषाओं से परिचित कराने के लिए शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। जिले में 32 राजकीय, 92 सहायता प्राप्त व 484 वित्तविहीन इंटर कालेजों का संचालन माध्यमिक शिक्षा विभाग करता है। इंटर कालेजों में पंजीकृत विद्यार्थियों को अब सिर्फ हिंदी-अंग्रेजी ही नहीं, बल्कि अन्य भारतीय भाषाओं की भी जानकारी दी जाएगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने माध्यमिक शिक्षा विभाग को इस बाबत पत्र जारी किया है। वीडियो, ह्वाट्स एप, ई-ज्ञान गंगा, यू-ट्यूब चैनल, दूरदर्शन के स्वयं प्रभा चैनल आदि माध्यमों से बच्चों को दूसरी भाषाएं सिखाई जाएगी। दीक्षा पोर्टल पर एनसीईआरटी की ओर से तैयार की गई सौ वाक्यों की क्विज की वीडियो भी अपलोड किया गया है। विद्यार्थियों को जोड़ने से पहले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। सूची के अनुसार बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकण, मैथिली, मलयालम, मणिप्पुरम, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, आसामी व संथाली भाषाओं की जानकारी दी जाएगी।

भाषा संगम के प्रचार की जिम्मेदारी शिक्षकों को

बलिया। डीआईओएस ने बताया कि इस योजना से बच्चों के भाषा ज्ञान का विस्तार होगा। वे और ज्यादा समझदार एवं ज्ञानी होंगे। भाषा संगम के प्रचार की जिम्मेदारी शिक्षकों को सौंपी जाएगी। इसमें भाषा के साथ-साथ सांस्कृतिक विविधता से भी बच्चों को परिचित कराया जाएगा।

संक्षेप

चोरी की बाइकों के साथ चार शातिर चोर गिरफ्तार

बलिया। भीमपुरा पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने पकड़े गये शातिर चोरों को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में भीमपुरा पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। भीमपुरा के थानाध्यक्ष राम सजन नागर व उनि अंजनी राय ने मूखबीर की सूचना के आधार पर संजीत कुमार पुत्र श्यामनारायन निवासी देवलवीर, थाना भीमपुरा, सोनू राजभर पुत्र विजय राजभर निवासी प्रधानपुरा, थाना नगरा, चन्दन कुमार पुत्र सुरेश कुमार गौड़ निवासी निकासी, थाना नगरा एवं रोहित कुमार पुत्र हरिहर प्रसाद निवसी खूंटा बहोरवा, थाना भीमपुरा को बाहरपुर बार्डर मिशन मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिल तथा 2500/- रुपया बरामद किया। कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम सभी मिलकर गाड़ी चुराकर बेचते है। पुलिस टीम में हेकां. राजेश सिंह, कां. रमेश चौहान, योगेश प्रसाद, सत्यम मौर्या शामिल रहे।

आज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करेंगे डिप्टी सीएम

रसड़ा। बाबा रामदल सूरजदेव ग्रुप आफ कालेजेज पकवाइनार, रसड़ा प्रांगण में पांच अक्टूबर, बुधवार को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करेंगे। महाविद्यालय के व्यवस्थापक शिवेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पांच अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे बाबा रामदेव सूर्योदय महाविद्यालय के प्रांगण में हेलीकप्टर से उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का आगमन होगा। उप मुख्यमंत्री हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इसकी अध्यक्षता सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर करेंगे। श्री सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के लिए हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर वरदान साबित होगा। उप मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंगलवार के दिन को जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किये। मंगलवार को एएसपी, उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी शिवनारायण वैश्य, प्रशासनिक अधिकारी आल्हा आदि कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

सीएचसी सिकंदरपुर में हेल्थ एटीएम स्थापित

बलिया। जनपद में डीएम एवं सीडीओ के नेतृत्व में हेल्थ एटीएम स्थापना का कार्य किया जा रहा है। सीएमओ डा. जयंत कुमार ने बताया कि सीएचसी सिकंदरपुर में मंगलवार को एक हेल्थ एटीएम स्थापित कर दिया है। इसके अतिरिक्त बैरिया ब्लाक स्थित रानी बाजार में भी एक निजी संस्थान द्वारा हेल्थ एटीएम स्थापना का कार्य प्रक्रियाधीन है। जनपद के हेल्थ एटीएम नोडल अधिकारी डा. अभिषेक मिश्रा ने बताया कि हेल्थ एटीएम सामान्य आटोमेटेड ट्रांजेक्शन मशीन के जैसा ही दिखता है। इसका आकार और ऊंचाई भी सामान्य एटीएम जैसी ही होती है। इस हेल्थ एटीएम द्वारा मात्र 15 से 20 मिनट के अंदर 40 से अधिक प्रकार के जांचों को किया जा सकेगा। इस मशीन द्वारा ईसीजी, स्किन एवं कान की भी जांच की जा सकेगी। डा. मिश्रा ने बताया कि पैथोलाजी लैब में संचालित सामान्य मशीन में व्यक्ति की नसों से लगभग 5एमएल के आस-पास खून लेना होता है और जांच के नतीजे आने में कम से कम 2 से 3 घंटों का समय लगता है। अधिकतर मामलों में तो जांच रिपोर्ट अगले दिन ही दी जाती है। हेल्थ एटीएम में उपरोक्त सभी जांचों को करने के लिए मात्र तीन से चार बूंद रक्त की आवश्यकता होती है। योलो कम्पनी से आए इंजीनियर नरेंद्र द्वारा सीएचसी सिकंदरपुर के कार्यरत उमेशचंद्र प्रयोगशाला प्राविधिक, नंदलाल ने स्टाफ परीक्षण अधिकारी, अशोक फार्मासिस्ट, पुष्कर स्टाफ नर्स आदि को हेल्थ एटीएम के संचालन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यशाला दो दिनों तक चलेगी। मौके पर सीएचसी सिकंदरपुर के अधीक्षक डा. व्यास कुमार, डा. दिग्विजय कुमार, डा. संदीप, डा. अभिषेक, डा. मुख्तार आदि उपस्थित रहे।

धार्मिक स्थलों पर होगा सत्संग भवन का निर्माण : मस्त

बैरिया। अपने तप व त्याग से द्वाबा की मिट्टी में तप धुनी रमाने वाले सन्त महाराज बाबा की मठिया तिवारी के मिल्की को अध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने में कोई कोर कसर नही छोड़ा जायेगा। इसके लिए भारत सरकार के पर्यटन विभाग ने पांच करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। वही, भागड़ नाला का सुंदरीकरण करके इसके पानी को आचमन व पूजन योग्य बनाने के लिए जरूरी उपाय किए जाएंगे। उक्त बातें सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने सोमवार की देर शाम महाराज बाबा की मठिया परिसर में 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित सत्संग भवन के लोकार्पण के अवसर पर आयोजित सभा में व्यक्त किया। श्री मस्त ने कहा कि जनपद के सभी धार्मिक स्थलों पर सत्संग भवन का निर्माण कराया जाएगा। एक दर्जन से अधिक सत्संग भवन बन चुके हैं। इसमें खपड़िया बाबा का आश्रम, सुदिष्ट बाबा, संतोष बाबा, नरहरि बाबा व भाला बाबा का मठिया शामिल है। सांसद ने कहा कि सत्संग भवन का स्थानीय लोग सत्संग, योगा, भजन-कीर्तन, प्रवचन व भागवत कथा के लिए उपयोग करें। इसका डीपीआर भी नवंबर में बनेगा। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने आगामी 11 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह के सिताब दियारा आगमन पर क्षेत्र के लोगों से भारी संख्या में पहुंचने का आग्रह किया। मौके पर जयप्रकाश साहू, विजय बहादुर सिंह, अरविंद सिंह सेंगर, मदन सिंह, अश्वनी ओझा, शैलेश पासवान, दिलीप गुप्ता, ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह, श्याम उपाध्याय, निर्भय सिंह गहलोत, अरुण सिंह, उप ब्लाक प्रमुख सुशील कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रत्नेश सिंह तथा संचालन प्रेम शंकर मिश्र ने किया। आगंतुकों का आभार अंजनी उपाध्याय ने व्यक्त किया।

देई माई का मंदिर सदियों से है लोगों की आस्था का केंद्र

सिकंदरपुर। स्थानीय तहसील मुख्यालय से मात्र 4 किलोमीटर दूरी पर स्थित सिसोटार गांव में मां भगवती महिषासुर मर्दिनी (देई माई) का मंदिर सदियों से लोगों का आस्था का केंद्र बना है। नवरात्रि के दिनों में यहां लोगों का ताता लगा रहता है तथा नवमी के दिन बली पूजा देखने के लिए यह भीड़ कई गुना बढ़ जाती है। यहां जो भी भक्त सच्चे दिल से मां के दरबार में मन्नत के साथ पूजन-अर्चन करता है। मां महिषासुर मर्दिनी (देई माई) उसकी मन्नते जरूर पूरी करती हैं यहां हर साल शारदीय नवरात्रि में नवमी के दिन शाही पूजा, शस्त्र पूजा व बली पूजा महिषासुर मर्दिनी अखाड़ा द्वारा किया जाता है इसी क्रम में बृहस्पतिवार को भी महिषासुर मर्दिनी अखाड़ा द्वारा दोपहर बली पूजा किया गया। जागरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि निवर्तमान विधायक संजय यादव द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महिषासुर मर्दिनी अखाड़ा के निरंजन राय, बंटी राय, बिट्टू राय, उपेंद्र राय, राकेश राय, भारतेंदु राय, अंकित राय, लल्लन राय, डब्लू राय, अवदेश राय, अमित राय, अनमोल राय, सहित समस्त ग्रामवासी व हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

शक्ति स्वरूपा के दर्शन को उमड़े भक्त

चमन सिंह बाग रोड के पूजा पंडाल में स्थापित मां की प्रतिमा

आर्य समाज रोड के पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा

ओकडेनगंज के पूजा पंडाल में स्थापित मां अंबे की प्रतिमा

देवी भागवत के मुताबिक इस संपूर्ण सृष्टि का सृजन, पालन व संहार करने वाली आदि शक्ति माता दुर्गा है। गौरी, काली, लक्ष्मी व सरस्वती ये सभी मां दुर्गा के ही विभिन्न रूप है। असुरों के अत्याचारों से तीनों लोकों को मुक्ति दिलाने के कारण ही माता का नाम देवी दुर्गा पड़ा। नवरात्रि में मां की आराधना को लेकर हर कोई संजीदा रहा। नवमी के दिन कुंवारी कन्याओं का पूजन कर व्रतियों ने पारण किया। वही, बलिया में शहर ही नहीं, बल्कि रसड़ा, सिकन्दरपुर, बिल्थरारोड, बैरिया, बांसडीह तहसील क्षेत्रों में भी मां दुर्गा का अनगिनत पंडाल सजा है। मां के दर्शन को भक्तों की खूब भीड़ उमड़ रही है।

पूजा कमेटियों को जागरूक कर रहा प्रशासन

बलिया। भदोही के पूजा पंडाल में हुई भीषण अग्निकांड की घटना को लेकर जिले में प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूजा पंडालों में जाकर कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को मानक के अनुसार संचालन करने पर जोर दे रही है। वहीं, प्रशासन पूजा कमेटियों को जागरूक भी कर रही है। मंगलवार को नगर के 17 पूजा कमेटी के पंडालों की जांच की और उन्हें अग्नि सुरक्षा व बचाव को जागरूक किया। बलिया के नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सजीव 362 पूजा कमेटी व उनके द्वारा पंडाल लगाया जाता है। सभी पूजा कमेटियों को बैठक के माध्यम से पंडालों में मानक के अनुरूप व्यवस्था करने को कहा गया है। साथ ही प्रत्येक पूजा पंडालों के बाहर पुलिस के जवान तैनात है। पूजा कमेटियों के लोग भी भक्तों की सुविधा के लिए प्रवेश और निकास द्वार पर पूरी तत्परता से खड़े है।

पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मझौवां। क्षेत्र में दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है। बंगाल व बिहार से पहुंचे कारीगरों ने दोआबा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बेहतरीन कारीगरी का परिचय देते हुए आकर्षक पंडाल बनाए हैं, जो गांव में आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। मां दुर्गा पूजा समिति रामगढ़, बाबा भीमेश्वर नाथ पूजा समिति रामगढ़, दुर्गा पूजा समिति गंगापुर, दुर्जनपुर मीनापुर, बहादुर बाबा पूजा समिति रामगढ़ सहित अन्य गांवों में कुशल कारीगरी का परिचय देते हुए देवी मैया का भव्य पंडाल बनाया गया है। यहां शाम होते ही सैकड़ों पुरुषों व महिलाओं की भीड़ लग रही है। लोग पंडालों में पहुंचकर देवी मां का दर्शन-पूजन कर रहे है।

काली माता मंदिर में चढ़ाया दूध का कराह

मझौवां। क्षेत्र के मीनापुर स्थित काली माता मंदिर परिसर में नवरात्रि के अंतिम दिन हजारों भक्तों ने बाजे गाजे-बाजे के साथ दूध का कराह चढ़ाया। साथ ही नारियल फोड़ा। मान्यता है कि यहां पर आने वाले दीन-दुखियों और भूत प्रेत बाधा वाले लोगों को सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। मां के दरबार में हाजिरी लगाने वाली निःसंतान महिलाओं को भी संतान प्राप्ति होती है। यही कारण है कि मंगलवार को बरसात होने के बाद भी हजारों की संख्या में महिला-पुरुष मां काली के दरबार में जमे रहे और मां का जयकारा लगाते रहे। मां काली माता मंदिर का निर्माण व स्थापना प्रकाश जी ने कराया था। प्रकाश जी के घर के लोग मां काली को चढ़ाये गये प्रसाद का एक भी दाना नहीं छूते हैं। ऐसी मान्यता है कि मां काली सपने में आकर भक्त प्रकाश को अवगत कराया कि हमारे यहां चढ़ाया गया प्रसाद तुम्हारे घर का कोई भी व्यक्ति ग्रहण नहीं करेगा और ना ही कुछ चढ़ावा लेगा।

आकर्षण का केन्द्र बना पूजा पंडाल

लालगंज। क्षेत्र के पूजा पंडालों में दर्जनों दुर्गा प्रतिमाएं रखी गई है, लेकिन बारिश होने के कारण दर्शन-पूजन करने वाले दर्शनार्थियों की कमी दिख रही है। वैसे, बाजार में नागराज का पंडाल बनाकर उनके मुख से प्रवेश कर श्रद्धालु दुर्गा प्रतिमा का दर्शन कर रहे हैं। क्षेत्र में यह पूजा पंडाल आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद वितरण

नगरा। नवरात्रि के नवमी को विश्व हिंदू परिषद रसड़ा द्वारा नगरा नगर पंचायत के दुर्गा चौक पूर्वांचल बैंक के नीचे महाप्रसाद वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मंगल देव चौबे एवं विशिष्ट अतिथि केदारनाथ वर्मा रहे। इस अवसर पर दीपक गुप्ता, अजय सिंह बबलू, प्यारे लाल पांडे, अभिषेक वर्मा, संजय पांडे, रितेश सिंह, संतोष पांडे, अजय बहादुर सिंह, आशुतोष सिंह, फतेह बहादुर सिंह, राजेश भाई आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

अहमदाबाद में आयोजित कबड्डी टूनार्मेंट में यूपी टीम को पहली बार मिला स्वर्ण पदक

मऊ। जनपद निवासी जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव अवनीश कुमार राय के कुशल दिशा निर्देशन के चलते उत्तर प्रदेश पुरुष कबड्डी टीम ने 36वें राष्ट्रीय खेल जो गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित टूनार्मेंट में पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस सफलता पर जनपद के खेल जगत से जुड़े लोगों ने यूपी टीम के साथ अवनीश कुमार राय को बधाई देते हुए टीम को हर सम्भव सहायता देने की बात कही है। टीम ने सेमीफाइनल के मुकाबले में सर्विसेज की टीम को 27 के मुकाबले 43 अंकों से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई वही फाइनल में महाराष्ट्र की टीम को 23 के मुकाबले 27 अंकों से पराजित कर पहली बार स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। फाइनल मैच में महाराष्ट्र ने यूपी के ऊपर बढ़त बनाई हुई थी हाफ टाइम तक महाराष्ट्र 11 और उत्तर प्रदेश 10 हाफ टाइम के बाद यूपी के रणबांकुरे ने महाराष्ट्र के ऊपर बढ़त बना बनाना शुरू किए और एक एक करके यूपी के सभी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करना शुरू किए और यूपी के अच्छा प्रदर्शन के चलते महाराष्ट्र की टीम को हराना संभव हुआ। इसके साथ ही विश्वास मोरे चेयरमैन टेक्निकल कमेटी, राजेश सिंह यादव उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन महासचिव, बृजभूषण सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष कुश्ती संघ, विकास सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन, लल्लू सिंह सांसद अयोध्या उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन आदि लोगों ने टीम की जीत पर बधाई दिया।

कीटनाशक दवा के सेवन से महिला अचेत, भर्ती

मधुबन (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के ढ़ढ़वल गाव के पटराव मजरा में मंगलवार की सुबह दस बजे अज्ञात कारणों से एक महिला ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया और अचेत हो गई। आनन-फानन में परिजनों द्वारा ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में उसे भर्ती कराया जानकारी के अनुसार मंजू मौर्या पत्नी परमिंदर मौर्या रोज के भांति सुबह उठ कर क्रिया से निबृत होकर पुनः कमरे में चली गई। घंटो बाद उस की कोई आहट न मिलने पर परिजन उस के कमरे में गये तो उसे अचेत देख आवाक रह गये। आनन-फानन में परिजनों ने ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में उसे भर्ती कराया जहा स्थिति गम्भीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

नवमी के अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा

नगरा। आदर्श पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में नवमी के दिन भव्य जुलूस का शोभायात्रा निकालकर बाजार भ्रमण किया गया। इस मौके पर धर्मेन्द्र चैहान के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने एक अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देखने लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। समिति के कार्यकर्ता अपने आस्था के प्रदर्शन में काफी संख्या में अपने मुंह के गलफड़ में लोहे के कील नगर पंचायत के बाजार व गड़वार मोड़ पर पूजा पंडालों में रखी दुर्गा प्रतिमाओं का दर्शन पूजन किए। दल पार्टी समाजसेवियों की उपस्थित बता रही थी कि नपं चुनाव की आहट से लोगों के बढ़-चढ़कर भा लेने से प्रदर्शित हो रही थी कि चुनाव में भारी गहमागहमी रहेगी। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए क्षेत्राधिकारी एस एन वैश्य के नेतृत्व में थानाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ दुबे मय फोर्स डटे रहे।

लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की भव्य तरीके से निकली जलभरी व कलश यात्रा

बलिया। भृगुक्षेत्र बलिया में चल रहे चतुर्मास यज्ञ के उपरांत श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में हो रहे पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का जलभरी आज भव्य तरीके से निकाली गई। हाथी, घोड़े, गाजे-बाजे के साथ लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया, जिसमें बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश आदि जगहों से काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री, यज्ञ समिति के सचिव सुरेन्द्र मिश्रा, सुरेंद्र सिंह पूर्व विधायक तथा जय मां काली बखोरापुर वाली के मुख्य सरंक्षक सुनील सिंह गोपाल ने हिस्सा लिया। यज्ञ स्थल पर सुबह से ही कलश यात्रा में हिस्सा लेने के लिए काफी संख्या में महिला तथा पुरुष का जुटना शुरू हो गया था। 01:00 बजे से कलश यात्रा निकाली गई जो कि बलिया शहर होते हुए पुनः गंगा घाट से जल लेकर लोग यज्ञ स्थल पर पहुंचे।

मूर्ति विसर्जन के लिए दिशा निर्देश

बैठक

डीएम ने एसपी संग दुर्गा पूजा एवं दशहरे की तैयारियों को लेकर की बैठक

मऊ। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के साथ दुर्गा पूजा एवं दशहरे की तैयारियों के संबंध में जनपद के प्रमुख प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस चैकी संस्कृत पाठशाला में बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त नगर क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन वाले रास्तों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैयार रखने को कहा। उन्होंने सभी पंडाल समितियों को क्रम से मूर्तियों को घाटों पर ले जाने हेतु पूर्व में ही सूचित करने के निर्देश दिए। मूर्ति विसर्जन में पड़ने वाले रास्तों पर किसी भी तरह के गड्ढे इत्यादि ना हो, इसके लिए उन्होंने अधिशासी अभियंता पी.डब्ल्यू.डी. को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

डीएम ने उपस्थित समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को मूर्ति विसर्जन वाले रास्ते पर बिजली के तारों पर विशेष रूप से ध्यान देने को कहा। साथ ही दशहरे एवं मूर्ति विसर्जन के दौरान विशेष सतर्क रहने के भी निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान किसी भी तरह की कोई अफवाह फैलाने एवं शहर के माहौल को खराब करने वालों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत डीएम ने एसपी के साथ शहर स्थित भीटी घाट एवं दोहरीघाट स्थित घाट का निरीक्षण किया, जहां पर जनपद की अधिकतम मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है। घाटों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी, क्षेत्राधिकारी आदि को मूर्ति विसर्जन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। घाटों के मरम्मत कार्य को समय के पूर्व ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी दशा में घाटों पर स्थित नावो में नाविकों एवं गोताखोरों के अलावा कोई भी ना चढ़े। मूर्तियों का विसर्जन क्रम से हो, एक बार में अधिक से अधिक 5 मूर्तियों के विसर्जन की अनुमति दें, जिससे घाटों पर ज्यादा भीड़ भाड़ ना हो। डीएम ने नदी की जलधारा में निर्धारित सीमा पर बैरिकेटिंग करने, घाटों पर स्टीमर आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर मूर्तियों के विसर्जन हेतु चिन्हित तालाबों का भी निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने को कहा। इस दौरान एसपी अविनाश पांडे के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट, सी.ओ. सिटी, शहर के समस्त एस.एच.ओ., तहसीलदार सदर, अधिशासी अधिकारी नपा परिषद, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं क्षेत्राधिकारी घोसी तथा अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मकान के सामने पेशाब करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

जनसंदेश न्यूज

विवाद

एक पक्ष के भाई-बहन घायल, जिला अस्पताल रेफर

तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत

मधुबन (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के नेमडाड़ रोपनपुर हरिजन बस्ती में सोमवार की रात लगभग नौ बजे मकान के सामने पेशाब करने को लेकर दो पक्ष आपस मे भीड़ गये और जम कर लाठी डंडा एव लात घुसा चले जिसमें एक पक्ष से भाई-बहन दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में दोनों को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार जगदीश एवं गुल्लू के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है कि सोमवार की रात गुल्लू का पुत्र रवि कुमार 25 वर्ष छोटू के मकान के सामने उसकी जमीन पर पेशाब कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों में कहा सुनी होने लगी और देखते ही देखते पहले दोनो पक्षों में लात घुसे उस के बाद जम कर लाठी डंडा चला। जिसमें एक पक्ष से रवि पुत्र गुल्लु और सीमा पुत्री गुल्लु गम्भीर रूप से घायल होगये।

आनन फानन में दोनो घायलों को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दोंनो की स्थिति को गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

उधर रामपुर पुलिस परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुटी रही।

66वीं प्रादेशिक विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता 11 से 14 तक

रतनपुरा (मऊ)। 66वां प्रदेशीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता 2022 का आयोजन 11 से 14 अक्टूबर तक नेहरू इण्टर कालेज, रतनपुरा के परिसर में किया जाना है। उक्त आशय की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक/आयोजक देवेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से मंगलवार को दी गयी। जहां संयोजक डॉ. राकेश सिंह प्रधानाचार्य नेहरू इण्टर कालेज, मुख्य आयोजक योगेन्द्र कुमार सिंह संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ मण्डल शामिल रहे। बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन 11 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10 बजे समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के खेल राज्य मंत्री एवं प्रभारी गिरीश चन्द्र यादव अतिथि द्वारा किया जाएगा। जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार दया शंकर सिंह होंगे। कार्यक्रम में देवेन्द्र प्रताप सिंह (सदस्य विधान परिषद), चेत नारायण सिंह (पूर्व सदस्य विधान परिषद) की गरिमामयी उपस्थिति होगी जबकि समापन एवं पुरस्कार वितरण मण्डलायुक्त आजमगढ़ मण्डल मनीष चैहान (आई.ए.एस.) द्वारा किया जाएगा।

रामलीला में उमड़ रही दर्शकों की भीड़

आस्था

धनुष यज्ञ तथा परशुराम लक्ष्मण संवाद की रोमांचक लीला का हुआ मंचन

चेयरमैन प्रतिनिधि ने बेस्ट सेल्फ सस्टेनेबल सिटी अवार्ड समिति के अध्यक्ष को सौंपा

सीता स्वयंवर हेतु रखे धनुष को तोड़ने हेतु उठाते श्रीराम जिसे देख अचंभित होते उपस्थितजन।

चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय नगर की रामलीला में सोमवार को मीना बाजार, फुलवारी, धनुष यज्ञ तथा परशुराम-लक्ष्मण संवाद की रोमांचक लीला का मंचन हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्रीमती मंजूषा सिंह उर्फ राबी सिंह सभासद वार्ड नं 9 मनाजीत तथा युवा समाजसेवी अरविन्द पटवा ने प्रभु श्रीराम की आरती किया। तत्पश्चात दोनों अतिथियों का रामजी पाण्डेय तथा सुभाष चन्द्र जायसवाल व अन्य सदस्यों ने पुष्प गुच्छ तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामप्रताप यादव ने मंच पर पहुंच कर गत शनिवार को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 समारोह में नगर पंचायत चिरैयाकोट को प्रदेश में 7वें स्थान पर चयनित होने पर प्राप्त बेस्ट सेल्फ सस्टेनेबल सिटी अवार्ड को नगरवासियों के समक्ष समिति के अध्यक्ष रामजी पाण्डेय को सौंप दिया। जहां उपस्थित दर्शकों ने तालियों से चेयरमैन प्रतिनिधि का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रमोद पाण्डेय, राजकुमार मौर्य, सोहनलाल टी एम, भूपेंद्र मौर्य, प्रकाश पाण्डेय, विशाल मद्धेशिया, प्रियांशु पाण्डेय,राजेश प्रजापति, गनेश मद्देशिया, प्रेमचन्द मौर्य, आशुतोष पाण्डेय,संदीप वर्मा, दीपक पाण्डेय, रामकुमार जायसवाल, उमेश मद्धेशिया, महेंद्र मौर्य, श्रेय उपाध्याय, समीर,पंकज शर्मा, महेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास गुप्ता,सोनू जायसवाल,शुभम पाण्डेय आदि लोगों के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा।